# छपारा का ब्रिटिश कालीन छोटा पुल बदहाल

## उबड़-खाबड़ गड्ढों में तब्दील हुआ अस्पताल मार्ग, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, प्रशासन मौन

**छपारा नवभारत। नगर की जीवन रेखा माना जाने वाला और जिला चिकित्सालय को जोड़ने वाला छोटा पुल मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू रो रहा है। ब्रिटिश काल में वैनगंगा नदी पर बना यह ऐतिहासिक पुल आज भी अपनी मजबूत नींव के दम पर खड़ा तो है, लेकिन इसके ऊपर बनी सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। विडंबना यह है कि प्रशासन और संबंधित विभाग इस ओर ध्यान देने के बजाय गहरी नींद में सोया हुआ है।**

ज्ञात हो कि छपारा नगर के लिए यह मार्ग सामरिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जननी एक्सप्रेस और 108 एंबुलेंस इसी मार्ग से 24 घंटे गुजरती हैं। इसके अलावा क्षेत्रीय निवासियों और बाहर से आने वाले आगंतुकों के लिए यह सबसे सुगम

**24 घंटे रहता है भारी आवागमन नगरवासियों ने उठाई आवाज**

मार्ग है। लेकिन वर्तमान में इस मार्ग की हालत ऐसी है कि यहाँ से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद छपारा और पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) से पुरजोर मांग की है कि इस संकीर्ण और बहुउपयोगी मार्ग को चौड़ा किया जाए। सड़क का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण किया जाए ताकि यह लंबे समय तक टिक सके। मार्ग पर सुरक्षा के मद्देनजर रेडियम पट्टी और सावधान सूचक बोर्ड लगाए जाएं ताकि रात में वाहन चालक सुरक्षित रह सकें।

### सुधार की मांग

क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस मार्ग की सुध नहीं ली गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या का संज्ञान कब लेता है या किसी बड़े हादसे का इंतजार करता रहता है।

**हादसों का डर**

पुल से लेकर आगे तक का लगभग आधा किलोमीटर लंबा मार्ग गहरे और उबड़-खाबड़ गड्ढों से भर चुका है। राहगीरों और वाहन चालकों को संभलकर चलने के बाद भी हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। विशेषकर रात के समय और आपातकालीन स्थिति में मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस के लिए ये गड्ढे जानलेवा साबित हो सकते हैं।

# केबल चोरी की शिकायत करने थाने पहुंचे किसान

**मोटर बोर से बिजली केबल के तार हो गये चोरी**

**उगली नवभारत।** उगली क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने किसानों के खेत से मोटर बोर से ले गये बिजली के केबल... गत दिवस शनिवार की रात में पुलिस थाना उगली के अंतर्गत निकट ग्राम गोरखपुर और उगली के लगभग दर्जनों किसानों की खेत की केबल बिजली के तार अज्ञात चोरों के द्वारा ले जाने की घटना पुन: सामने आई है, इसके पूर्व उगली क्षेत्र से महज 5 से 10 किलोमीटर दूर नेवर गांव सेंद्रादेही ग्राम की 15- 20 किसानों के खेत से भी बोर की केबल तार चोरी की घटना के आधार पर पुलिस थाना उगली में लिखित आवेदन दिया गया था,यह कोई मामला नया नहीं है, आज दिन रविवार को भी पीड़ित दर्जनों किसान जिसमें गोरखपुर,उगली के किसान क्रमश: विष्णु पिता महासिंग उइके उम्र 34,रतनसिंह/बलवंत सिंह, देवीप्रसाद पिता माखन लाल धुर्वे, राजेंद्र प्रसाद /लखाराम बिसेन, महेश /बारिकिया वाषनिक, तुषार पिता श्रसि पाल बिसेन, भूपेश्वर पिता रमेश कुमार चौरे, प्रवीण पिता रामलाल बिसेन, महतलाल पिता स्व.होलूलाल पटले छम्मनलाल पिता मंगल सिंह कुमरे, नीरज पिता विजयपाल सिंह ठाकुर, योगेंद्र पिता रेवाराम बिसेन, रामेश्वर पिता झाडू लाल कटरे उम्र 35 गोरखपुर (अधियार )केशव पिता यशवंत सोनी उगली गोरखपुर 150 फिट, विक्रम सिंह पिता स्व.अमृतलाल बिसेन उम्र 28 केबल130 फिट ऐसे सभी किसानों के खेतों से किसी खेत से 50, 100, 200,250 फीट केबल के तार चोरी होने की लिखित शिकायत दी गई, जिसके आधार पर थाना प्रभारी उगली ने एफआईआर दर्ज करते हुए, अज्ञात व्यक्तियों की तलाश जारी के लिए एक टीम का गठन किया है,पीड़ित किसानों ने बताया कि हमारे खेत में केवल जो प्लास्टिक काटकर अंदर से कॉपर तांबा का तार ले जाकर बेकार प्लास्टिक वहीं फेंक दी गई है, वर्तमान में वैसे ही किसान पीड़ित है जिसको लेकर आर्थिक संकट किसानों के ऊपर मंडरा रहा है, इसी बीच अभी रवि की फसल की बुवाई और उनहारी की फसल खेतों में मौजूद है,केबल चोरी होने से इन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, और सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस थाना से आस लगाकर बैठे हैं की सीघ्र अतीशीघ्र शीघ्र चोरों को पड़कर उचित कार्रवाई करें जिससे ऐसी घटना की पुनरावृत्ती भविष्य में ना हो.

**इनका कहना है**

किसानों के खेत से केबल तार चोरी हुऐ है जिसको लेकर हम एक टीम का गठन करेंगे और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे से या अन्य सूचना तंत्र के माध्यम से चोरों का पता लगाएंगे जिसके आधार पर किसानों ने लिखित एफ आई आर कर दिए हैं, जिसके ऊपर शीघ्र कार्रवाई करेंगे

**थाना प्रभारी सदानंद गोदेवार**
**थाना प्रभारी उगली**

## एक नजर में

### हरलाल गोल्हानी बने सिहोरा साहू समाज के अध्यक्ष

सिवनी। लखनादौन विकास खंड के ग्राम सिहोरा में नवनिर्वाचित साहू समाज के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह सामाजिक जनों की बड़ी उपस्थिति में संपन्न हुआ। साहू समाज के जिला अध्यक्ष गुलाब साहू के मुख्य आतिथ्य में एवं ग्राम सिहोरा के साहू

समाज के वरिष्ठ नागरिक हर प्रसाद गोल्हानी की अध्यक्षता में, विशिष्ट अतिथियों में सुदर्शन गोलहनी, लक्ष्मण राज गोलहनी, राष्ट्रीय संरक्षक गुलाब सिंह गुलहनी नगर लखनादौन साहू समाज के अध्यक्ष सोहनलाल गोल्हानी, नगर पंचायत लखनादौन की अध्यक्ष मीणा बलराम गोलहनी, नगर पंचायत लखनादौन की पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीमती मंजू किशन साहू, एडवोकेट अरविंद गुलहनी, अनिल गुल हनी, गंगाराम गुलहनी रविंद्र गोल्हानी चोखेलाल गोलहनी देवेंद्र गुल हनी भीम सिंह ब्लॉक अध्यक्ष घंसौर श्री राम किशोर गोल्हानी संतोष गोल्हानी, सतीश गोल्हानी सहित ग्राम नवल गांव बुडवानी गंढीला, पथरिया गोसाई खमरिया भजिया गोरखपुर खैरी कहानी घंसौर धनोरा एवं लखनादौन से साहू समाज के लोगों ने सहभागिता की। नवनिर्वाचित साहू समाज सिहोरा के पदाधिकारी हरलाल गोल्हानी अध्यक्ष, धनाराम एवं सतीश कुमार (ठाकुर) उपाध्यक्ष अशोक कुमार गोलहनी कोषाध्यक्ष बाल किशोर सचिव एवं सीताराम गुलहनी सह सचिव को सामाजिक सेवा करने की शपथ शाहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुदर्शन गोल्हानी के द्वारा दिलाई गई। साहू समाज सिहोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ सुरेश कुमार गोल्हानी ,महेश कुमार गोल्हानी ,विनोद कुमार गोल्हानी (ठाकुर) की गरिमा मय मेंउपस्थिति रही। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सुधीर गोल्हानी द्वारा पगड़ी पहनकर सम्मान किया गया।

### विधायक ने किया सामुदायिक भवनों एवं ग्रेवल मार्गों का भूमिपूजन

सिवनी। रविवार 01 फरवरी को विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रात: 09:30 बजे से दौरा आरंभ करते हुए ग्राम बखारी मे सामुदायिक भवन, ग्राम समनापुर मे सामुदायिक भवन, ग्राम औरिया रैयत मे सामुदायिक भवन, ग्राम बकौडी मे जुझारपुर ग्रेवल रोड, ग्राम दुकली मे बाम्हनवाडा ग्रेवल रोड, ग्राम बिहीरिया मे सामुदायिक भवन एवं गंगेरुआ ग्रेवल रोड तथा ग्राम बंडोल का दौरा भी किया।

# रविदास जयंती पर धनौरा में निकली रैली, हुए आयोजन

धनौरा नवभारत। संत शिरोमणि रविदास जयंती की 649वां जन्मोत्सव जयंती महोत्सव संत रविदास सामुदायिक भवन धनौरा में धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम रविदास समाज द्वारा सामुदायिक भवन में एकत्रित होकर संत शिरोमणि रविदास महाराज की पूजा अर्चना करतद्पश्चात धनौरा नगर में रैली भ्रमण कर समुयदिक भवन पर रैली का समापन किया गया उसके बाद संस्कृति कार्यक्रम से शुरुआत किया गया। केवलारी विधायक रजनीश सिंह के द्वारा रविदास समाज के सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण के लिए दो लाख पचास हजार रुपये स्वीकृति की गई जिसका भूमिपूजन कांग्रेस कमेटी धनौरा ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर विकास बघेल,जिला उपाध्यक्ष मुकेश जैन धनौरा उपसरपंच अतुल जैन सालीवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किरण कौरती एडवोकेट रामसिंह निवारे, सुमत झारिया बरिष्ठ पत्रकार याकूब खान जनपद उपाध्यक्ष अर्जुन उइके, खेरसिंह कुमरे, प्रेमसिंह सल्लाम, रविदास समिति के जिलाध्यक्ष जुगल किशोर नदोरे जिला उपाध्यक्ष चेतराम बकोडे, बसंत बकोडे, खेमचंद बकोडे, मनोज बकोडे रविदास समाज के धनौरा अध्यक्ष मदन अहिरवार एंव रविदास समिति के सदस्यों द्वारा भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा से संतकुमार राय जिला उपाध्यक्ष नवल श्रीवास्तव, लक्की श्रीवास्तव, सुजीत मिश्रा, रविन्द्र तिवारी, सुजान बघेल, केके अग्रवाल उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय हॉकी महाकुंभ के लिए सिवनी तैयार

**7 फरवरी से सौभाग्यचंद मालू मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता**

**सिवनी नवभारत।** खेल नगरी सिवनी एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता की मेज़बानी के लिए पूरी तरह तैयार है। स्वर्गीय श्री सौभाग्यचंद मालू मेमोरियल के अंतर्गत आयोजित 'अशोक एण्ड अशोक' अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन यंग स्टार क्लब, सिवनी के तत्वावधान में, जिला हॉकी संघ से संबद्ध होकर किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर की नामी हॉकी टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे जिले में खेल उत्सव का माहौल बन गया है।

प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक सांसद श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट-सिवनी), विधायक कमल मर्सकोले (बरघाट), विधायक श्री ठाकुर रजनीश सिंह (केवलारी) एवं विधायक दिनेश राय 'मुनमुन' (सिवनी) हैं।

वहीं संरक्षक के रूप में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सुजीत जैन तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया आयोजन को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र टांक एवं कार्यवाहक अध्यक्ष अजय सूर्यवंशी के नेतृत्व में प्रतियोगिता की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

इसी तरह उपाध्यक्ष के रूप में संतोष अग्रवाल, असलम खान, गफ्फार खान, श्याम सिंह किशन अग्रवाल, राकेश चौरसिया, अरशद खान, अमित सनोडिया, मुकेश लुथरा एवं विजेन्द्र करोसिया सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सचिव पद की जिम्मेदारी अमित मालू संभाल रहे हैं, जबकि सह सचिव के रूप में संत सिंह राजपूत, गजेन्द्र प्रजापति, हर्ष यादव, प्रदीप करोसिया, विमलेश पटेल एवं दीपक यादव व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। प्रतियोगिता की वित्तीय व्यवस्था कोषाध्यक्ष प्रकाश शर्मा एवं दिलीप करोसिया देख रहे हैं।

मीडिया प्रभारी के रूप में काबिज खान, अयोध्या विश्वकर्मा, नन्दन श्रीवास्तव, फिरोज भाई, अब्दुल वाहिद खान एवं संजू क्रिडिया प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

# संत रविदास ने भेदभाव और कुरीतियों को समाप्त करने में जिंदगी लगा दी

**संत रविदास जयंती पर नगर में निकाली गई भव्य रैली**

**सिवनी नवभारत।** नगर में रविवार को रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समाजिक जनों ने बाजे गाजे के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से निकल गई शोभायात्रा में शामिल हुए। संत गुरु रविदास जी 15वीं शताब्दी के महान संत, समाज सुधारक और कवि थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में फैली कुरीतियों और जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करने के लिए समर्पित कर दिया।

क्रांतिकारी कार्यक्रमों के लिए अलग पहचान रखने वाले संत रविदास शिक्षा मिशन मंगली पेठ सिवनी के तत्वावधान में संत रविदास जयंती समारोह आयोजित है। इस अवसर पर रविवार दोपहर दो बजे से शराब बंदी लागू करने की मांग को लेकर बाजे गाजे के साथ रैली निकाली गई। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर डॉ अंबेडकर चौक पहुँची।

जहां संत रविदास जी के संदेश के साथ साथ शराब बंदी लागू करने की मांग की गई। रविदास समाज संघ जिला सिवनी के अध्यक्ष रघुवीर अहरवाल ने बताया कि देश के करोड़ों लोग शराब पीने से बर्बाद हो रहे हैं। इससे महिलाओं और बच्चों का जीना बहुत तकलीफदेह हो गया है। आए दिन शराबी लोग दुष्कर्म से लेकर लड़ाई झगड़े कर रहे हैं। पीकर गाड़ी चलाने वाले लोगों से दर्दनाक एक्सिडेंट होने से सैकड़ों लोग प्रतिदिन अपना जान से हाथ धो रहे हैं। वही अनेक लोग अपाहिज होकर जिन्दगी भर का दर्द झेल रहे हैं। शराब पीकर सड़क डांस करने वाले छेड़छाड़, लड़ाई झगड़े कर रहे हैं। कहीं तो दंगे भी हो रहे हैं। सड़क डांस में जोर शोर से बजने वाले डीजे की आवाज से आम लोगों को बहुत तकलीफ होती है। इस शोर से छोटे बच्चे और बुजुर्ग लोगों को कई प्रकार के रोग हो रहे हैं। डीजे की तेज आवाज से मकानों की दीवारों में कम्पन होता है जो बाद में दीवारों को कमजोर कर देता है। श्री अहरवाल ने आगे बताया कि इस रैली के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार में प्रदेश में शराब बंदी लागू करने की मांग की जाएगी।

## छपारा में आज उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**सकल हिंदू समाज' द्वारा हिंदू सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण**

छपारा नवभारत। क्षेत्र में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और सनातन मूल्यों के संरक्षण के संकल्प के साथ 'सकल हिंदू समाज' छपारा के तत्वावधान में आज, 2 फरवरी सोमवार को एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। नगर की कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर धर्मप्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सम्मेलन की शुरुआत दोपहर 12:00 बजे एक भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा नगर के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों—श्री राम मंदिर बाजार तथा हनुमान मंदिर संजय कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल तक पहुँचेगी। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ब्रजकांत जी भाईसाहब प्रांत प्रचारक, महाकौशल प्रांत उपस्थित रहेंगे। उनके साथ ही उज्जैन से पधार रहीं सुश्री शालिनी वर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचारों से समाज को प्रेरित करेंगी। आयोजन को प्रज्ञानंद सरस्वती महाराज का विशेष सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**नगर पालिका की कार्यवाही पर उठ रहे सवाल : 15 दिन में दूसरी बार हटाई सड़क किनारे लगी दुकानें**

# अमीर इलाकों में नरमी, गरीबों पर सख्ती

**सिवनी नवभारत।** नगरपालिका परिषद सिवनी द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने के नाम पर की जा रही कार्रवाई अब सवालों के घेरे में है। बीते 15 दिनों के भीतर दूसरी बार नगर पालिका ने कचहरी चौक से लेकर एलआईसी ऑफिस तक सड़क किनारे लगी छोटी-छोटी दुकानों को अतिक्रमण बताकर हटा दिया। इस कार्रवाई से दर्जनों गरीब दुकानदारों का रोजगार छिन गया और उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों का सामान सड़क पर बिखर गया। किसी का ठेला उजड़ गया तो किसी की छोटी दुकान, जिससे वे रोज़ कमाकर परिवार चलाते थे। दुकानदारों का कहना है कि नगर पालिका बिना कोई स्थायी वैकल्पिक व्यवस्था किए, बार-बार उनकी दुकानों को हटा रही है, जिससे वे मानसिक और आर्थिक दोनों रूप से टूट चुके हैं।

### पूरे शहर में फैला अतिक्रमण कार्रवाई सिर्फ गरीबों पर

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पूरे शहर में अतिक्रमण फैला हुआ है, तो कार्रवाई सिर्फ चुनिंदा इलाकों में ही क्यों की जा रही है? स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों का आरोप है कि बुधवारी बाजार, शुक्रवारी चौक, डूंडासिवनी चौक, छिंदवाड़ा चौक, बस स्टैंड क्षेत्र, पोस्ट ऑफिस से लेकर सोमवारी चौक भैरोगंज तक बड़े स्तर पर अतिक्रमण मौजूद है, लेकिन इन इलाकों में नगर पालिका कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती।लोगों का कहना है कि जहां बड़े व्यापारी और प्रभावशाली लोग हैं, वहां नगर पालिका आंख मूंदे रहती है, जबकि कचहरी चौक से एलआईसी ऑफिस तक छोटे और गरीब दुकानदारों को बार-बार निशाना बनाया जा रहा है।

**रोज़गार छिना, परिवार भुखमरी की कगार पर**

दुकानदारों ने बताया कि वे वर्षों से यहां छोटी दुकान या ठेला लगाकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। अचानक बार-बार की जा रही कार्रवाई से न केवल उनकी आमदनी बंद हो गई है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, घर का किराया और रोज़मर्रा के खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। कई दुकानदारों ने कहा कि यदि यही हाल रहा तो उन्हें शहर छोड़ने या मजदूरी करने को मजबूर होना पड़ेगा। नगर पालिका की इस कथित पक्षपातपूर्ण कार्रवाई को लेकर शहर में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि यदि अतिक्रमण हटाना है तो पूरे शहर में समान और निष्पक्ष कार्रवाई की जाए।

**मांग** | जिले के दोनों सांसदों से रखी रेलवे सुविधाओं की मांग, भाजपा नगर अध्यक्षों ने दिया पत्र

# बरघाट एवं छिंदवाड़ा रोड की रेल्वे क्रासिंग में बने ओवरब्रिज

**सिवनी नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी के उत्तर नगर मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह रंहगडाले एवं दक्षिण नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक दुबे ने सिवनी बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी जी एवं सिवनी मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते जी से रेलवे सुविधाओं को लेकर एक पत्र प्रदान किया। विदित हो की संसद में प्री बजट पेश हो रहा है इसके बाद राज्यों की विधानसभाओ मे बजट प्रस्तुत होंगे और अंत में मार्च माह में देश में संसद सत्र के दौरान केंद्रीय बजट प्रस्तुत होगा, इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के दोनों नगर अध्यक्षों ने जिले के दोनों सांसदों से रेलवे सुविधाओं को लेकर एक पत्र सोपा है जिसमे संसदीय क्षेत्र सिवनीङ्क बालाघाट - मंडला में निरंतर बढ़ रहे यातायात का दबाव, यात्रियों की संख्या तथा क्षेत्र के पर्यटन, व्यापार एवं सामाजिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए रेल सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक हो गया है। इस संबंध में क्षेत्रवासियों की निम्नलिखित महत्वपूर्ण मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

छिंदवाड़ा जंक्शन से नैपुर जंक्शन तक रेलवे लाइन का दोहरीकरण किया जाए, जिससे ट्रेनों की संख्या में वृद्धि हो सके और आवागमन अधिक सुगम बन सके। बरघाट रोड रेलवे क्रॉसिंग एवं छिंदवाड़ा रोड रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाए, ताकि यातायात जाम तथा दुर्घटनाओं की समस्या से आमजन को राहत मिल सके। जबलपुर से लखनऊ जाने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस का संचालन सिवनी होते हुए किया जाए, जिससे इस क्षेत्र को उत्तर भारत से सीधा रेल संपर्क प्राप्त हो सके। विदित हो कि उक्त ट्रेन वर्तमान में जबलपुर स्टेशन पर लगभग 15 घंटे तक खड़ी रहती है। इस समय का सदुपयोग करते हुए सिवनी सहित आसपास के जिलों को इससे जोड़ा जा सकता है।

पातालकोट ट्रेन एवं पंचवटी ट्रेन में एसी कोचों की संख्या बढ़ाई जाए, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिले तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ प्राप्त हो सकें। विदित हो कि उक्त ट्रेन का संचालन बालाघाट तक विस्तार किया जा चुका है, जिससे यात्रियों की संख्या बढ़ी है, इसलिए कोचों की संख्या भी बढ़ाई जानी आवश्यक है।

**भोमा, पलारी व केवलारी स्टेशन पर हो स्टॉपेज**

बैतूल सिवनी ट्रेन (क्रमांक 58830) को नैपुर तक विस्तारित किया जाए तथा इस ट्रेन का भोमा/ पलारी / केवलारी स्टेशन पर ठहराव (स्टॉपेज) सुनिश्चित किया जाए। नैनपुर से मुंबई जाने वाली सतपुड़ा एक्सप्रेस का संचालन नैनपुर से प्रारंभ किया जाए, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को लंबी दूरी की सीधी रेल सुविधा उपलब्ध हो सके। इन मांगों के संबंध में रेल मंत्रालय से आवश्यक चर्चा कर शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही कराने का आगृह पत्र मे किया गया है। जिससे सिवनी, बालाघाट, मंडला क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सके।

# सीएम शॉपिंग मॉल में खुलेगा 'बाबू भाई चश्मे वाले' का ऑप्टिकल शोरूम

**सिवनी नवभारत।** शहर के लोगों के लिए नेत्र देखभाल और आधुनिक ऑप्टिकल सुविधाओं की दिशा में एक नया कदम उठाते हुए 'बाबू भाई चश्मे वाले' के नए और अत्याधुनिक ऑप्टिकल शोरूम का भव्य शुभारंभ 3 फरवरी मंगलवार को किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम दोपहर 3 बजे आयोजित होगा।

यह विशेष शोरूम सीएम शॉपिंग मॉल, एफ-44, प्रथम तल, बस स्टैंड, सिवनी में स्थित है, जहां ग्राहकों को आधुनिक मशीनों से जांच, गुणवत्तापूर्ण चश्मे, लेंस एवं नेत्र देखभाल से जुड़ी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन शासकीय मेडिकल कॉलेज, सिवनी के डीन एवं सीईओ डॉ. परवेज अहमद सिद्दीकी द्वारा किया जाएगा। वहीं, कार्यक्रम में नागपुर के एम.डी. डॉ. अभिजीत पाटिल तथा विदर्भ ऑप्टिकल एसोसिएशन, नागपुर की अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा विनीत मोदी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

**एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन जिला सिवनी**
आवश्यकता है
इच्छुक मेल फीमेल नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है पता सिवनी रोड समनापुर एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन
संपर्क सूत्र
9752360935
9424657567

**आवश्यकता हैं**
दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता हैं, ड्रायव्हर 2, (सैलरी 10 से 20 हजार)
समय : सुबह 10 से रात 8, बजे तक
संपर्क :- नारायणी सेल्स, साई हॉटेल के पीछे, तवकल लेआऊट वाडी नागपुर
70288 80502
86003 82146